भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा

तारांकित प्रश्न संख्या *89

06 दिसंबर, 2021 को उत्तर के लिए

कोलकाता में 'सेल' के 'रॉ मटेरियल डिवीजन' (आर.एम.डी.) को बंद किया जाना

***89 डा. सांतनु सेन:**

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या 'सेल' (एस.ए.आई.एल.) के कोलकाता स्थित मुख्यालय के कच्चा माल प्रभाग (रॉ मटेरियल डिवीजन) को बंद किया जा रहा है;

(ख) यदि हाँ, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार को जानकारी है कि 'सेल' के आर.एम.डी. को बंद किए जाने से दुर्गापुर और बर्नपुर समेकित इस्पात संयंत्रों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा; और

(घ) दुर्गापुर और बर्नपुर समेकित इस्पात संयंत्रों में कार्यरत संविदात्मक और स्थायी कर्मचारियों की कुल संख्या कितनी है?

उत्तर

इस्पात मंत्री **(श्री राम चन्द्र प्रसाद सिंह)**

(क) से (घ): एक विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

****

"कोलकाता में सेल के कच्चा माल प्रभाग (आर.एम.डी.) को बंद किये जाने" के संबंध में डा. सांतनु सेन, संसद सदस्य द्वारा दिनांक 06 दिसंबर, 2021 को पूछे जाने वाले राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या *89 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

(क) और (ख): स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) की लौह अयस्क खदानें ओडिशा, झारखंड और छत्तीसगढ़ राज्यों में स्थित हैं, किन्तु लौह अयस्क दुर्गापुर इस्पात संयंत्र, दुर्गापुर तथा इस्को इस्पात संयंत्र, बर्नपुर सहित सेल के सभी संयंत्रों को कच्चा माल आवंटन के लिए केन्द्रीय समन्वय प्रणाली के तहत उनकी वार्षिक उत्पादन योजना के अनुसार भेजा जाता है। कच्चा माल प्रभाग, कोलकाता के अंतर्गत खान और कोयला-खान प्रभाग के संगठनात्मक ढाँचों को सेल द्वारा दिनांक 01.07.2021 से पुनर्गठित किया गया है। यह पुनर्गठन संयंत्रों/खदानों के दक्षतापूर्ण कार्यकरण तथा सुचारू प्रचालन, स्थानीय/राज्य प्रशासन के साथ दैनिक आधार पर जुड़ने के लिए संयंत्रों के पहले से ही स्थापित संप्रेषण माध्यमों के जरिए संबंधित राज्य सरकारों के साथ सतत् आधार पर निकट संपर्क बनाए रखने के लिए किया गया है, ताकि समय-समय पर उत्पन्न होने वाले विभिन्न मुद्दों का शीघ्रतापूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से समाधान किया जा सके और साथ ही, संयंत्रों की अवसंरचना तथा लॉजिस्टिक का लाभ उठाने, खदानों के लिए प्रशिक्षित और कुशल कार्मिक शक्ति के परिनियोजन हेतु अधिक लचीलापन तथा खदानों के स्थान आदि में तैनात कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए कैप्टिव स्टील टाउनशिपों में बेहतर बैक-एंड सुविधाओं के लिए किया गया है।

(ग): जुलाई, 2021 में पुनर्गठन के बाद, सेल के सभी एकीकृत इस्पात संयंत्रों (आईएसपी) में लौह अयस्क की आपूर्ति पूर्ववत् जारी है और दुर्गापुर इस्पात संयंत्र, दुर्गापुर तथा इस्को इस्पात संयंत्र, बर्नपुर, दोनों में सामान्य प्रचालन पूर्व की भाँति जारी है।

(घ): दुर्गापुर इस्पात संयंत्र, दुर्गापुर तथा इस्को इस्पात संयंत्र, बर्नपुर में दिनांक 01.11.2021 तक की स्थिति के अनुसार संविदात्मक श्रमिकों सहित कार्मिक शक्ति का ब्यौरा निम्नानुसार है:

संयंत्र का नाम	**स्थायी कर्मचारी**	**संविदात्मक श्रमिकों की संख्या**
दुर्गापुर इस्पात संयंत्र	8245	4837
इस्को इस्पात संयंत्र	5477	8063

****